Chapter - 02

MODEL SET - II

Part - I

Q) मौर्य काल से गुप्त काल तक का राजनीतिक एवं आर्थिक इतिहास

Q) फूट डालकर विजय प्राप्त करने का कार्य सबसे पहले किस राजा ने किया था?

Ans) अजात शत्रु

Q) जीवक वैद्य किस वंश के काल में था?

Ans) हर्यक काल

Q) अपने स्वयं के खर्चे से सुदर्शन झील की मरम्मत किसने कराई?

Ans) रुद्र दमन

Q) पाटलिपुत्र नगर की स्थापना उदायिन ने किस नदी के संगम पर की?

Ans) i) गंगा ii) सोन iii) पुनपुन iv) इनमे से सभी ✓

Q) समस्त भारत ही नहीं एशिया और यूरोप में सर्वप्रथम हूणों को परास्त करने का श्रेय किस शासक को जाता है?

Ans) स्कंदगुप्त

Q) यूरोप का समुद्रगुप्त कौन था?

Ans) नेपोलियन

Scanned with CamScanner

Q) मौर्य कला का निम्न में से कौन सर्वाधिक महत्वपूर्ण नमूना है?

Ans) स्तम्भ

Q) इंडिका की रचना किसने की?

Ans) मैगास्थनीज

Q) प्रयाग प्रशस्ति की रचना किसने की?

Ans) हरिसेन

Q) गुप्तो के काल मे कौन चीनी यात्री भारत आया था?

Ans) फाह्यान

Q) भारतीय इतिहास का कौन सा काल स्वर्ण काल के नाम से जाना जाता है?

Ans) गुप्तकाल

Q) अशोक किस वंश का राजा था?

Ans) मौर्य वंश

Q) कौटिल्य की कृति है?

Ans) अर्थशास्त्र

Q) पाटलीपुत्र की स्थापना किसने की?

Ans) उदयिन

Scanned with CamScanner

Ans (B) लघु उत्तरीय प्रश्न

Q) 16 महाजनपदों के नाम लिखिए।

Ans) महाजनपद 16 थे।

i) काशी ii) कौशल iii) अंग iv) मगध

v) वज्जि vi) मल्ल vii) चेदि viii) वत्स

ix) कुरु x) पांचाल xi) मत्स्य xii) शूरसेन

xiii) अश्मक xiv) अवन्ति xv) गान्धार xvi) कम्बोज

Q) मगध साम्राज्य के उत्थान के क्या कारण थे?

Ans) मगध साम्राज्य के उत्थान के निम्न कारण थे

i) मगध की भूमि उपजाऊ थी। वहाँ की खेती की उपज अपेक्षाकृत अच्छी होती थी।

ii) झारखण्ड में अच्छी लोहे की खदानें थी जिससे कृषि कार्य के लिए अनेक उपकरण बनाए जा सकते थे।

iii) यहां के जंगलों में हाथी बहुत मिलते थे जिसका उपयोग वे साम्राज्य विस्तार एवं दूर-दराज के क्षेत्रों से आने जाने के लिए करते थे।

iv) ~~बिम्बिसा~~ बिम्बिसार, अजातशत्रु, उदायिन, महापद्म नंद जैसे योग्य शासकों का इसके उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान था।

v) राजगृह (अभी वर्तमान राजगीर) एवं पाटलीपुत्र ऐसी राजधानियां थी जिसमें शासन करने हेतु सभी सुविधाएँ विद्यमान थी।

vi) मगध की सेना सुसंगठित थी जिसमें हाथी, घोड़े व रथ थे, और साथ ही साथ बड़े-बड़े और मज़बूत किलों को गिराने के लिए हाथियों का प्रयोग किया जाता था।

Scanned with CamScanner